संख्या 20016/09/स्थापना-6/2026/E-/मुख्यालय रा.सु.गा./5870-80

भारत सरकार

गृह मंत्रालय

महानिदेशालय, राष्ट्रीय सुरक्षा गारद

(स्थापना शाखा)

मेहरमनगर, पालम,
नई दिल्ली- 110 037
दिनांक .02. जून, 2026

## परिपत्र

राष्ट्रीय सुरक्षा गारद (एन.एस.जी.) को मुख्यालय राष्ट्रीय सुरक्षा गारद, मेहरम नगर में टीम कमांडर (राजभाषा) के वर्तमान रिक्त पद को भरने के लिए प्रतिनियुक्ति आधार पर हिन्दी अधिकारी की सेवाओं की आवश्यकता है। पद का विवरण, पद की प्रात्रता, शर्तें और वेतन भत्ता अन्य भत्ते/लाभ निम्नानुसार हैः-

**(क) पद का विवरणः-**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | पद का नाम - | टीम कमांडर (राजभाषा) (गैर युद्धरत) |
| 2. | वर्गीकरण - | सामान्य केन्द्रीय सेवा समूह "क" राजपत्रित |
| 3. | वेतनमान - | वेतन मैट्रिक्स में लेवल 10,₹56,100/- से ₹1,77,500/- |
| 4. | भत्ते- (i) | संशोधित वेतन का 40 प्रतिशत की दर से विशेष सुरक्षा भत्ता (एन.एस.जी. भत्ता) |
| | (ii) | केन्द्र सरकार के कर्मचारियों को समय-समय पर देय अन्य भत्ते |
| | (iii) | सामान्य पूल आवास अथवा सरकार द्वारा समय-समय पर जारी सामान्य आदेशों के तहत स्वीकार्य मकान किराया भत्ता। |

**(ख) पात्रता योग्यताः-**

केन्द्र सरकार के अधिकारियों में से प्रतिनियुक्ति पर स्थानांतरण के माध्यम से।

क. नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हों;

ख. निम्नलिखित अर्हता एवं अनुभव रखते हों;

(i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या समतुल्य से हिन्दी में मास्टर डिग्री हो तथा डिग्री स्तर पर अंग्रेजी एक विषय के रूप में हो, अथवा, किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अंग्रेजी में स्नातकोत्तर या समकक्ष डिग्री, इसके साथ स्नातक स्तर पर हिन्दी एक विषय के रूप में हों, या किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या समतुल्य से अंग्रेजी में मास्टर डिग्री हो तथा डिग्री स्तर हिन्दी एक विषय के रूप में हो या किसी मान्यताप्राप्त विश्वविघालय से किसी भी विषय में मास्टर डिग्री हो तथा डिग्री स्तर तक अंग्रेजी एवं हिन्दी में से एक विषय के रूप में हो या किसी मान्यतापाप्त विश्वविघालय से किसी भी विषय में हिन्दी माध्यम से मास्टर डिग्री हो तथा डिग्री स्तर पर अंग्रेजी एक विषय के रूप में हो या किसी मान्यताप्राप्त विश्वविघालय या समतुल्य से किसी भी

कृ0पृ0उ0

E-1662047
03/06/26

विषय में अंग्रेजी माध्यम के साथ मास्टर के साथ मास्टर डिग्री की हो तथा डिग्री स्तर पर हिन्दी एक विषय के रूप में हो;

(ii) हिन्दी में परिभाषिक कार्य और/या विपर्यतः अंग्रेजी से हिन्दी में अनुवाद, तकनीकी या वैज्ञानिक साहित्य की वरीयता, अनुवाद कार्य का पांच वर्ष का अनुभव;

ग. SHAPE-1 श्रेणी में चिकित्सीय रूप से फिट होना चाहिए तथा BMI 25 से कम होना चाहिए।

(प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अंतर्गत केन्द्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि सम्मिलित है, साधारणतया: पांच वर्ष से अधिक नहीं होगी। प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए आयु सीमा आवेदन प्राप्ति की अंतिम तारीख को 54 वर्ष से अधिक नहीं होगी।)

**<u>प्रतिनियुक्ति की अवधिः-</u>**

प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसमें केन्द्र सरकार के उसी अथवा किसी अन्य संगठन/विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य बाह्य कैडर पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि भी शामिल करते हुए, सामान्यतः 05 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। स्थानांतरण या प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा, आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि को, 54 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

2. विभिन्न विभागों/संगठनों के इच्छुक और पात्र अधिकारी निर्धारित प्रपत्र (प्रतिलिपि संलग्न) में सेवा विवरण के साथ नामांकन, अनुशासन/सतर्कता निकासी प्रमाण-पत्र तथा पांच वर्षों के वार्षिक कार्य निष्पादन मूल्यांकन रिपोर्ट (एसीआर/एपीएआर) ग्रेडिंग, कृपया 30जून, 2026 तक इस निदेशालय को भेंजे।

संलग्नक – 01 पृष्ठ

(सुनील शर्मा)
ग्रुप कमांडर (स्थापना)
टेली/फैक्स- 011 25671637
ई-मेल- gc.estt@nsg.gov.in

**<u>वितरण</u>**:

1. भारत सरकार के सभी केन्द्रीय मंत्रालय/विभाग।
2. सभी राज्य सरकार/सभी राज्य सरकारों के राजभाषा विभाग।
3. राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, जय सिंह रोड, नई दिल्ली।
4. केन्द्रीय अनुवाद ब्यूरो, पंडित दीन दयाल अंत्योदय भवन, 8वां तल, सी.जी.ओ. कॉम्पलेक्स, लोधी रोड नई दिल्ली-110003
5. नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक का कार्यालय (राजभाषा विभाग), पॉकेट-9, दीन दयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली-124

# राष्ट्रीय सुरक्षा गारद में टीम कमांडर (राजभाषा) के पद हेतु आवेदन

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | नाम | : | |
| 2 | पदनाम | : | |
| 3 | मूल विभाग | : | |
| 4 | जन्म तिथि (अंग्रेजी दिनांक माह व वर्ष के अनुसार) (dd/mm/yyyy) | : | |
| 5 | जन्म तिथि एवं दिनांक 30 जून 2026 को आयु सीमा | : | |
| 6 | भर्ती होने की तिथि | : | |
| 7 | वर्तमान पद एवं वेतन लेवल | : | |
| 8 | चिकित्सा श्रेणी | : | |
| 9 | अंतिम पांच वर्ष का ए.पी.ए.आर का ब्यौरा एवं ग्रेडिंग | : | |
| 10 | यदि सजा दी गई हो तो उसका ब्यौरा | : | |
| 11 | लंबित अनुशासनात्मक / भिजिलेंस कार्यवाही का ब्यौरा यदि कोई हो तो | : | |
| 12 | घर का पता पिन कोड सहित | : | |
| 13 | मोबाईल / व्हाटसएप न. एवं ईमेल आईडी | : | |
| 14 | केन्द्र / राज्य सरकार के नियमानुसार सेवानिवृत्ति की तिथी। | : | |
| 15 | शैक्षणिक योग्यता | : | |
| 16 | क्या पद के लिए अपेक्षित शैक्षणिक व अन्य योग्यताओं की पूर्ति हो रही है। यदि किसी योग्यता की नियम में निर्धारित योग्यता के समकक्ष माना जा रहा है तो इसके लिए प्राधिकार का ब्यौरा दें। | : | |
| 17 | कृपया बताएं कि आपके द्वारा उपर्युक्त प्रविष्टियों के आलोक में, क्या आप पद की अर्हता की पूर्ति करते हैं? | : | |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 18 | रोजगार नियुक्तियों का वर्षवार ब्यौरा। यदि नीचे दिया गया स्थान कम पड़े तो स्वहस्ताक्षरित पृथक पृष्ठ जोड़े। | : | | | | |
| 19 | कार्यालय / स्थापना / संगठन | धारित पद | से | तक | वेतनमान और मूल वेतन | कार्य की प्रकृति |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| 20 | वर्तमान नियुक्ति की प्रकृति अर्थात तदर्थ अथवा अस्थायी या अर्ध–स्थायी अथवा स्थायी। | : | | | | |
| 21. | यदि वर्तमान नियुक्ति के प्रतिनियुक्ति / संविदा आधार पर होने की स्थिति में, कृपया बताएं– | : | | | | |
| | क. | : | | | | |
| | ख. | : | | | | |
| | ग. | : | | | | |